आईआईएम रांची में मन की बात के 100 एपिसोड पर होगा शोध

रांची| आईआईएम रांची में मन की बात के सभी 100 एपिसोड में संबंधित विषयों पर शोध किया जाएगा। इसके लिए संस्थान के फैकल्टी सदस्यों की एक टीम बनाई गई है। जो इसके विभिन्न आयामों पर विश्लेषण व अध्ययन करेंगे। आईआईएम रांची के डायरेक्टर डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक मुद्दों पर विचार व राय साझा करने के लिए मन की बात एक सराहनीय पहल है। जिसमें समाज की प्रमुख चुनौतियों व अवसरों को प्रमुखता के साथ प्रस्तुत किया गया। जिसने आमलोगों व पॉलिसी मेकर के बीच कनेक्ट स्थापित किया है। यह दुनिया में सबसे बड़ा सोशल कनेक्ट मुहिम में से है। इसके सभी 100 एपिसोड पर शोध किया जाएगा। इसका टेक्स्ट माइनिंग किया जाएगा। सभी वीडियो का ट्रांसस्क्रिप्ट किया जाएगा, जिसका एनालिसिस किया जाएगा। एक माह के अंदर इस शोध कार्य को पूरा किया जाएगा। इसके माध्यम से अलग-अलग थीम चिन्हित कर आर्काइव तैयार किया जाएगा। जो छात्र पब्लिक पॉलिसी, प्रबंधन के क्षेत्र में सामाजिक चुनौती पर शोध करना चाहते हैं उनके लिए लाभदायक होगा। इस अध्ययन के माध्यम से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां बनने में सहयोग मिलेगा। शोध करने वाली इस टीम में प्रो. पूजा सेन गुप्ता, शिवांगी सिंह और सुभ्रो सरकार शामिल होंगे। यह जानकारी संस्थान में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी गई।

एक मई से आम लोगों के लिए शुरू होगा ह्यूमन कनेक्ट कम्यूनिटी सर्कल: आईआईएम रांची के छात्रों के मानसिक व भावनात्मक हित के लिए ह्यूमन कनेक्ट कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इसे अब आम लोगों के लिए शुरू किया जा रहा है।

Dainik Bhaskar_29.04.2023_Pg. 05